# सरकार ने बांटे 1,274 करोड़

## युवा वर्ष के रूप में मनाया जाएगा साल 2027 : सीएम डॉ. यादव

### 760 एमएसएमई इकाइयों को प्रोत्साहन राशि अंतरित

### 137 स्टार्टअप्स को 1.5 करोड़ की राशि दी

**प्रशासनिक संवाददाता**

**भोपाल, 27 जून. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने 27 जून को बड़ी घोषणाएं कीं. उन्होंने कहा कि साल 2027 को राज्य सरकार युवा वर्ष के रूप में मनाएगी. दूसरी ओर, ग्लोबल इंवेस्टर्स समिट यानी जीआईएस भी जनवरी में भोपाल में आयोजित की जाएगी.**

सीएम डॉ. यादव ने ये घोषणाएं अंतरराष्ट्रीय एमएसएमई दिवस-2026 पर भोपाल के रवींद्र भवन में आयोजित सशक्त उद्यमी-समृद्ध मध्यप्रदेश समिट में की. कार्यक्रम में प्रदेश के सफल उद्यमियों की विकास गाथा पर केंद्रित लघु फिल्म का प्रदर्शन किया गया. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सिंगल क्लिक से 760 से अधिक ईकाइयों को प्रोत्साहन राशि अंतरित की. उन्होंने प्रदेश के 137 स्टार्टअप्स को 1.5 करोड़ की सहायता राशि भी दी. मध्यप्रदेश निवेश प्रोत्साहन योजना के तहत वृहद उद्योगों को 1274 करोड़ की वित्तीय सहायता दी गई. उद्यमियों को उद्योग स्थापना के लिए भूमि आवंटन पत्र और लोन स्वीकृति पत्र दिए गए. देवास, पांढुर्ना, टीकमगढ़, उज्जैन को एमएसएमई भवन की सौगात मिली. मंदसौर में मुल्तानपुरा औद्योगिक क्षेत्र में 288 भू-खंड, मंडला में 165 भू-खंड, जबलपुर में 61 भू-खंड, बैतूल में 50 भू-खंड, कटनी के नवीन औद्योगिक क्षेत्र में 68 भू-खंड, नीमच के सरगना औद्योगिक क्षेत्र में 127 भू-खंड, खरगोन के डाबरिया औद्योगिक क्षेत्र में 103 भू-खंड दिए गए. प्ले एंड प्लग इंडिया प्राइवेट लिमिटेड और एमएसएमई विभाग के बीच स्टार्टअप्स को प्रोत्साहित करने के लिए एमओयू भी साइन किए गए. समिट में मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कटनी और मंडला के उद्यमियों से संवाद भी किया.



**उद्योग विकास में एमपी ने हासिल कीं नई उंचाइयां**

कार्यक्रम में सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्री चेतन्य काश्यप ने कहा कि एमएमएमई विभाग का बजट 1100 करोड़ से बढ़कर 2100 करोड़ हो जाता है. राज्य सरकार ने विभाग का बजट बढ़ाकर सीधे तौर पर उद्यमियों को लाभ दिया है. उद्योग स्थापित करने के लिए सबसे पहले भूमि की आवश्यकता होती है और मध्यप्रदेश में पर्याप्त लैंड बैंक उपलब्ध है. पिछले एक साल में लगभग 1200 भूखंड उद्योग स्थापित करने के लिए आवंटित किए गए हैं. आगामी डेढ़ साल में 3000 और भूखंड आवंटित किए जाएंगे.

**जमीन पर दिखने लगा निवेश : मुख्य सचिव**

मुख्य सचिव अनुराग जैन ने कहा कि मप्र की विकास यात्रा में 49 प्रतिशत निर्यात एमएसएमई सेक्टर से आता है. राज्य में जीआईएस के दौरान मिले निवेश प्रस्तावों में से 9 लाख करोड़ का निवेश जमीन पर दिखाई देने लगा है. निवेश से जीडीपी को गति मिलती है. मध्यप्रदेश ने एमएसएमई उत्पादों के निर्यात में एक वर्ष में 4 स्थानों की छलांग लगाई है. इस मामले में देश में मध्यप्रदेश का नंबर अब 11वां है. मध्यप्रदेश वह राज्य है, जिसने भारत सरकार द्वारा तय 23 सुधारों को शत प्रतिशत लागू किया और देश में टॉप अचीवर बना. राज्य में पहली बार जनविश्वास बिल पारित किया गया.

## शादी में हर्ष फायरिंग में मामा की मौत

**नवभारत न्यूज**

**रायसेन, 27 जून.** विदिशा के कोतवाली थाना क्षेत्र स्थित लवकुश नगर में शादी समारोह के दौरान हर्ष फायरिंग में गोली लगने से रायसेन के 35 वर्षीय किराना व्यापारी राकेश सेन की मौत हो गई. जानकारी के अनुसार राकेश सेन पिता बेनीप्रसाद सेन अपने भांजे की शादी में शामिल होने विदिशा गए थे. शादी समारोह में हर्ष फायरिंग के लिए लाए गए देसी कट्टे से अचानक गोली चल गई, जो राकेश सेन को जा लगी. उनकी मौके पर ही मौत हो गई. पुलिस ने इस मामले में मृतक राकेश के भांजे अन्नी को गिरफ्तार कर लिया है. साथ ही हर्ष फायरिंग में इस्तेमाल किए गए हथियार के मामले में जांच शुरू कर दी है.

# वायरल वीडियो ने ली चार की जान

## पत्नी समेत 2 बेटों की कुल्हाड़ी से हत्या कर पति ट्रेन के आगे कूदा

**नवभारत न्यूज**

**मुरैना, 27 जून. भागवत कथा के समापन समारोह में हुए डांस का वायरल वीडियो एक परिवार के लिए मौत का कारण बन गया. माताबसैया थाना क्षेत्र के किशनपुर गांव में शुक्रवार रात एक युवक ने पत्नी और अपने दो मासूम बेटों की कुल्हाड़ी से निर्मम हत्या करने के बाद ट्रेन के आगे कूदकर आत्महत्या कर ली. हृदयविदारक घटना से पूरे गांव में सनसनी फैल गई.**

जानकारी के अनुसार किशनपुर गांव निवासी बलराम सिंह कुशवाह (35) ने शनिवार की रात को पहले पत्नी रविता (32) पर कुल्हाड़ी से हमला कर उसकी हत्या कर डाली. जिसके बाद आंगन में चारपाई पर सो रहे दोनों मासूम बेटों आरव (08), और देबू (05) पर भी कुल्हाड़ी से ताबड़तोड़ एक के बाद एक कई वार कर उनका कत्ल कर डाला. पत्नी व मासूम बेटों की हत्या करने के बाद बलराम घर से निकला और शिकारपुर रेलवे क्रॉसिंग पहुंचा. जहां उसने ट्रेन के सामने कूदकर आत्महत्या कर ली. पुलिस ने बताया कि प्रारंभिक जांच में घटना के पीछे मृतक बलराम कुशवाह की पत्नी रविता के डांस का वायरल वीडियो और उससे उपजा विवाद प्रमुख वजह होना सामने आया है.



**इनका कहना है...**

किशनपुर गांव के एक युवक द्वारा कुल्हाड़ी से पत्नी और दो बेटों की हत्या किए जाने के बाद ट्रेन से कटकर खुदकुशी कर ली. घटना को लेकर प्रथम दृष्टया चरित्र शंका और वायरल वीडियो से उपजे विवाद की बात सामने आई है. घटनाक्रम की जांच की जा रही है.

**धर्मराज मीणा**
पुलिस अधीक्षक, मुरैना

# दुर्घटना में एसडीएम के रीडर की पत्नी की मौत

**शिवपुरी, 27 जून. एक सड़क हादसे में पोहरी एसडीएम के रीडर श्याम सिंह दोहरे की पत्नी मनीषा दोहरे की मौत हो गई. यह घटना शिवपुरी-झिरी मार्ग पर मुद्गल पेट्रोल पंप के पास हुई, जब उनकी कार सड़क किनारे खड़ी ट्रैक्टर-ट्रॉली से टकरा गई.**

हादसे में श्याम सिंह दोहरे सहित चार अन्य लोग घायल हो गए, जिन्हें मेडिकल कॉलेज शिवपुरी में भर्ती कराया गया है. पोहरी एसडीएम कार्यालय में पदस्थ रीडर श्याम सिंह दोहरे का हाल ही में भिंड तबादला हुआ था. वे जिला मुख्यालय शिवपुरी से कार्यमुक्त होने के बाद कार से पोहरी लौट रहे थे. उनकी कार में पत्नी मनीषा दोहरे, एक परिचित शिक्षक, उनकी पत्नी और उनका बच्चा भी सवार थे. शिवपुरी-पोहरी मुख्य मार्ग की खराब स्थिति के कारण वे झिरी मार्ग का उपयोग कर पोहरी जा रहे थे.



इसी दौरान मुद्गल पेट्रोल पंप के पास उनकी कार सड़क किनारे खड़ी एक ट्रैक्टर-ट्रॉली से पीछे से टकरा गई. टक्कर इतनी भीषण थी कि कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और उसमें सवार सभी लोग घायल हो गए. घटना के तुरंत बाद, सभी घायलों को मेडिकल कॉलेज शिवपुरी पहुंचाया गया. वहां उपचार के दौरान मनीषा दोहरे ने दम तोड़ दिया. अन्य घायलों का इलाज जारी है.

# बिजली गिरने से एक की मौत, 6 घायल

**नवभारत न्यूज**

**दमोह/नोहटा। जिले के नोहटा थाना क्षेत्र अंतर्गत माला मानगढ़ गांव में शनिवार शाम करीब 5 बजे एक झोपड़ी पर आकाशीय बिजली गिरने से आधा दर्जन से अधिक लोग गंभीर रूप से झुलस गए.घायलों को 108 एंबुलेंस के पायलट दौलत और ईएमटी रामजी की मदद से जिला अस्पताल लाया गया, जहां डॉक्टर ने 28 वर्षीय रतन पिता रामप्रसाद आदिवासी को मृत घोषित कर दिया.**




आधा दर्जन से अधिक घायलों का इलाज जारी है.घटना की जानकारी देते हुए देवसिंह व कोदू सिंह ने बताया कि सभी एक ही परिवार के सदस्य हैं। शनिवार शाम सभी लोग झोपड़ी के अंदर थे, तभी आकाशीय बिजली झोपड़ी पर गिरी। धमक से घर के आधा दर्जन से अधिक लोग घायल हो गए। मौके पर थाना प्रभारी अभिषेक पटेल और डायल 112 कर्मी आरक्षक घनश्याम की मदद से सभी को इलाज के लिए जिला अस्पताल भेजा गया.ड्यूटीरत डॉक्टर दिव्यांशु अवस्थी ने सभी घायलों का इलाज किया.घायलों में मदन पिता हरिसिंह 18 वर्ष, मालती पिता हरिसिंह 14 वर्ष, उमा पिता कोदू 5 वर्ष, रचना पति दशरथ 24 वर्ष, जानकी पिता रतन 6 वर्ष, वेद रानी पति देव सिंह 60 वर्ष, मायारानी व राधारानी का इलाज जारी है. नोहटा पुलिस भी जिला अस्पताल पहुंची है और मामले में जांच शुरू की गई है.

## अमृतसर में बनेगा सीता और लव-कुश का भव्य मंदिर : केजरीवाल

**अमृतसर, 27 जून. दुनिया भर के राम भक्तों के लिए बड़ी खुशखबरी है. अमृतसर में पंजाब सरकार ने भगवान वाल्मीकि मंदिर के बगल में होगा विशाल सीता और लव-कुश मंदिर के निर्माण की घोषाणा की है.**

दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविंद्र केजरीवाल ने बताया कि अमृतसर में माता सीता और लव-कुश के मंदिर की घोषणा पंजाब सरकार द्वारा श्री राम तीर्थ के कायाकल्प और विकास से जुड़ी है। यह स्थान रामायण काल से जुड़ा हुआ है और इसे लव-कुश की जन्मस्थली व माता सीता की आश्रय स्थली माना जाता है।



जालंधर से शुरू हुआ 'एक शाम शिवजी के नाम' भजन संध्या अब पंजाब के 22 शहरों में आयोजित होगी. पटियाला के काली माता मंदिर का 80 करोड़ से हो रहा जिर्णोद्धार, उत्तर भारत का सबसे बड़े इस मंदिर का काम सितंबर तक पूरा हो जाएगा. एक अगस्त से पूरे पंजाब में 'हमारे राम' नाटक का आयोजन होगा.

# अमेरिका में उड़ेगा ग्वालियर का ड्रोन

**ग्वालियर, 27 जून. माधव इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड साइंस कॉलेज के दूसरे साल के कुछ छात्रों ने एक ऐसा ड्रोन बनाया है, जो आपदा के समय लोगों की मदद करेगा. ये ड्रोन एआई टूल्स से लैस है. जिसकी मदद से ड्रोन खुद ब खुद आपदा में फंसे लोगों को ढूंढ कर उन तक राहत सामग्री भेज सकता है.**

इन छात्रों ने अपने फैकल्टी एडवाइजर डॉ यशवंत सावले की गाइडेंस में 3 महीने की मेहनत से कमाल का ड्रोन तैयार किया है. इसकी डिजाइनिंग, हार्डवेयर, पार्ट्स, सॉफ्टवेयर, एआई टूल्स यहां तक की बैटरी तक खुद डिजाइन किया है. इस ड्रोन से छात्रों ने अमेरिका में होने वाली एक अंतर्राष्ट्रीय प्रतिस्पर्धा में हिस्सा लिया. जिसमें पूरी दुनिया के अलग-अलग देशों से करीब 94 टीम्स हिस्सा ले रही हैं. इस कम्पटीशन में टॉप 50 टीम में ग्वालियर की एमआईटीएस कॉलेज की टीम 'त्रिनेत्र' क्वालिफाई भी कर चुकी है, अब फाइनल चरण अमेरिका के ट्युलसा में अगले महीने आयोजित होगा.



ग्वालियर एमआईटीएस कॉलेज की यह ड्रोन टीम पिछले तीन महीनों से लगातार इस पेलोड ड्रोन पर काम कर रही थी. इस टीम को लीड कर रहे छात्र पार्थ सोनी ने बताया कि, 'यह एक क्वाडकॉप्टर ड्रोन है, जो एक्स-फ्रेम स्टाइल में बना है.

**दो टीम ले रही हिस्सा**

ये ड्रोन तीन महीने की मेहनत में तैयार हुआ है, लेकिन इसे तैयार करने का मोटिवेशन एक अंतरराष्ट्रीय प्रतिस्पर्धा से मिली. अमेरिका में होने वाला ये ऐसा कंपटीशन है, जिसमें विश्वभर से कॉलेज टीम्स हिस्सा लेते हैं. इस साल भी भारत समेत दुनिया के अलग-अलग देशों से 100 से ज्यादा टीम्स ने इसमें भाग लेने के लिए प्रयास किया है.



## विधायक लोधी मुख्यमंत्री के बचाव में आगे आए

**शिवपुरी, 27 जून.** पिछोर के विधायक प्रीतम लोधी मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव पर जमीन खरीदी संबंधी लगे आरोपों के बाद खुलकर उनके बचाव में आगे आए हैं. विधायक लोधी आज बोले- मुख्यमंत्री पर आरोप गलत हैं.कांग्रेस पहले दिग्विजय सिंह, केपी सिंह और वाड्रा की संपत्ति बताए. गौरतलब है कि विधायक लोधी प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री उमा भारती के समर्थक माने जाते हैं.

## बैंक ऑफ इंडिया में लूट की नाकाम कोशिश, एक आरोपी फरार

**छिंदवाड़ा, 27 जून. परासिया रोड स्थित बैंक ऑफ इंडिया में शनिवार सुबह उस समय हड़कंप मच गया जब बैंक में लूट की नाकाम कोशिश की गई. इस घटना में एक लुटेरे को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है. जबकि एक आरोपी फरार बताया जा रहा है. बैंक में लुट की घटना को उस समय अंजाम देने का प्रयास किया गया जब तेज बारिश हो रही थी.**

जबकि बैंक के कुछ कर्मचारियों का कहना है कि लुटेरे पहले से ही बैंक के अंदर मौजूद थे. हालाकि इस घटना की जानकारी जब कोतवाली पुलिस को लगी तो पुलिस ने मौके पर पहुंच जांच पड़ताल कर एक लुटेरे को हिरासत में ले लिया है. जबकि लुटेरे को पकड़ते समय एक सब इंस्पेक्टर घायल हो गया है. शहर में दिनदहाड़े हुए बैंक में लुट के प्रयास के बाद जहां आसपास भय का माहौल बना गया. वहीं घटना की जानकारी मिलते ही एसपी अजय पांडे बैंक पुलिस अधिकारियों सहित पुलिसकर्मियों के साथ इंडिया ऑफ इंडिया पहुंचे और जाँच पड़ताल में जुट गए. बताया जा रहा है कि बैंक ऑफ इंडिया में लुट के इरादे से घुसे लुटेरों की जानकारी मिलते ही कोतवाली थाने में पदस्थ एसआई नारायण बघेल बैंक पर पहुंचे. जहां उन्होंने साहस दिखाते हुए लुटेरे को पकड़ने का प्रयास किया. इस दौरान लुटेरे ने उन पर किसी धारदार हथियार से हमला कर दिया. जिससे उनके हाथ के अंगूठे में चोट आ गई.



# चित्रकूट नवाचारों का भी केन्द्र रहा

## उप मुख्यमंत्री शुक्ला ने किया सद्गुरु आई केयर एजुकेशन का शुभारंभ

**भोपाल 27 जून. प्रदेश के उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि चित्रकूट पवित्र धार्मिक स्थल के साथ ही ग्राम्य विकास, चिकित्सा सहित अनेक क्षेत्र के नवाचारों का भी केन्द्र रहा है. उन्होंने कहा कि सद्गुरू नेत्र चिकित्सालय के उपकरण और संसाधन इसे नेत्र चिकित्सा के क्षेत्र में विश्व स्तरीय संस्थान के समकक्ष लाने में कोई कसर नहीं छोड रहे.**

उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल शनिवार को सतना जिले के चित्रकूट में सदगुरू सेवा संघ नेत्र चिकित्सालय में स्टैण्डर्ड चार्टेड आई केयर एजूकेशन एकेडमी का शुभारंभ कर रहे थे. इस मौके पर विधायक सुरेन्द्र सिंह गहरवार, डीआरआई के सगठन सचिव अभय महाजन, बालेन्द्र गौतम, सस्टेनिबिलिटी हेल्थ की हेड करूणा भाटिया, ऊषा जैन, डॉ. इलेश जैन, सेवा निवृत्त केन्द्रीय सचिव राजीव नयन चौबे, सुपरिन्टेन्डेन्ट डॉ. आलोक सेन भी उपस्थित थे. उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने कहा कि विकसित भारत 2047 का विजन सबके सामने है. विकसित भारत के विजन को मूर्तरूप देने ग्रामीण क्षेत्रों में फेसिलिटी पहुंचाने का कार्य चित्रकूट की सदगुरू और डी.आर.आई. दोनों ही संस्थायें कर रही है. उप मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत सरकार और राज्य सरकारें देश में वर्ल्ड क्लास इन्फ्रा उपलब्ध कराने की दिशा में अग्रसर है. विकसित भारत के विजन को पूरा करने शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार तीनों क्षेत्रों में काम करने की जरूरत है. जल जीवन मिशन के तहत शुद्ध पेयजल हर घर तक पहुंचानें की महत्वाकांक्षी योजना पूरे देश में क्रियान्वित हो रही है. बीमारियों का सबसे बडा कारण प्रदूषित जल है. जल जीवन मिशन के क्रियान्वयन से बीमारियों की संख्या आधी रह जायेगी. उप मुख्यमंत्री ने सस्टेनबिलिटी हेल्थ की सराहना करते हुए कहा कि आई केयर एजुकेशन एकेडमी के माध्यम से तीन वर्षो में 20 हजार युवाओं को आई केयर का प्रशिक्षण देकर उन्हें रोजगार से जोडा जायेगा.





# झमाझम के साथ मानसून की एंट्री

**नव भारत न्यूज**

**रतलाम। आखिरकार शनिवार को मानसून ने रतलाम जिले में दस्तक दे दी। करीब आधे घंटे तक हुई तेज बारिश ने जहां भीषण गर्मी से राहत दी, वहीं शहर की व्यवस्थाओं की भी हकीकत सामने ला दी। पहली ही तेज बारिश में कई निचले इलाकों और सड़कों पर पानी भर गया, जबकि होमगार्ड कॉलोनी स्थित अंडरब्रिज जलमग्न हो गया। लोगों को पानी के बीच से होकर आवाजाही करनी पड़ी।**

शनिवार सुबह से तेज उमस ने लोगों को परेशान कर रखा था। दोपहर करीब एक बजे अचानक मौसम बदला और काले घने बादलों के साथ तेज गर्जना शुरू हुई।

इसके बाद हुई मूसलधार बारिश से कुछ ही मिनटों में शहर की सड़कें पानी से भर गईं। बारिश इतनी तेज थी कि कुछ समय तक दृश्यता भी काफी कम हो गई।

सबसे ज्यादा परेशानी होमगार्ड कॉलोनी के अंडरब्रिज में हुई, जहां पानी भर जाने से वाहन चालकों और राहगीरों को जोखिम उठाकर निकलना पड़ा। पहली ही बारिश में जलनिकासी व्यवस्था चरमराने से नगर निगम और जिला प्रशासन की मानसून पूर्व तैयारियों पर सवाल खड़े हो गए।

बारिश थमने के बाद कुछ देर तक आसमान में बादल छाए रहे, लेकिन दोपहर करीब दो बजे तेज धूप निकलने से उमस और बढ़ गई। शाम करीब चार बजे एक बार फिर मौसम ने करवट ली और बादलों ने सूरज को ढक लिया, जिससे बारिश की संभावना बनी रही। अब किसानों की नजर आने वाले दिनों की बारिश पर टिकी है। यदि मानसून इसी तरह सक्रिय रहा तो खरीफ फसलों की बोवनी में तेजी आने की उम्मीद है, वहीं शहर में जलभराव की समस्या से निपटना प्रशासन के लिए बड़ी चुनौती होगा।

**आधे घंटे की बारिश में शहर हुआ तरबतर**

**जांच की मांग** पीड़ित पिता ने सीबीआई जांच की मांग करते हुए हाईकोर्ट में दायर की याचिका

# सेना के ऑफिसर मेस में संदिग्ध परिस्थिति में बेटी की मौत

**जबलपुर, 27 जून. जम्मू एंड कश्मीर आरआरसी के ऑफिसर गेस्ट हाउस में घटित घटना के बाद मिलिट्री अस्पताल में बेटी की हुई मौत के मामले की जांच सीबीआई से कराए जाने की मांग करते हुए पीड़ित पिता की तरफ से हाईकोर्ट में याचिका दायर की गयी है. याचिका में कहा गया है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के अनुसार बेटी के सिर में गंभीर चोट होने का उल्लेख किया है परंतु मौत का कारण कार्डियक अरेस्ट बताया गया है.**

तमिलनाडु निवासी याचिकाकर्ता पी दक्षिणामूर्ति की तरफ से दायर याचिका में कहा गया था कि उनकी बेटी अधिवक्ता कविता का विवाह 2 मार्च 2025 को जेएके आरआरसी में डॉक्टर के पद पर पदस्थ मेजर ओम नागार्जुन से हुआ था.

विवाह के दौरान उन्होंने 100 तोला सोना, हीरे का हार तथा एसयूपी 700 कार दी थी. इसके बाद घर का सामान खरीदने के लिए 15 लाख रुपये दिये थे. इसके कुछ समय बाद मेजर ओम नागार्जुन को अस्पताल खुलवाने के लिए 2 करोड़ रुपये की मांग करने लगे. बेटी की शादी में हुए खर्च के कारण आर्थिक स्थिति ठीक नही होने के कारण उन्होंने रुपये देने से इंकार कर दिया. बेटी व दामाद ने जबलपुर जाने के लिए वह भी अपने परिवार के साथ मदुरै एयरपोर्ट गये थे. इस दौरान भी दामाद के लिए अस्पताल खुलवाने उसके पिता ने दो करोड़ रुपये मांगे थे. जबलपुर पहुंचने के बाद दामाद के अनुसार 9 जुलाई 2025 को उसकी बेटी बाथरूम में गिर गयी थी,जिसे उपचार के लिए मिलिट्री अस्पताल ले जाया गया. उपचार के दौरान उसकी बेटी की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गयी.

याचिकाकर्ता के अधिवक्ता मनीष वर्मा ने बताया कि रिकॉर्ड के अनुसार ऑफिसर मेस के बाथरूम कविता उम्र 28 साल 9 जुलाई 2025 की रात को गिरी थी. उसके मिलिट्री अस्पताल में 10 जुलाई को 0.39 बजे एडमिड करवाया गया था. ऑफिसर मेस से अस्पताल के बीच का रास्ता की दूरी महज पांच मिनट की है. कविता को सिर में गंभीर चोट आई थी और उसका पति खुंद डॉक्टर है. डॉक्टर होने के कारण उसे पूरी परिस्थितियों का ज्ञान था.

ऑफिसर मेस से अस्पताल के बीच लगभग तीन घंटे के दौरान कविता के साथ ऐसा कुछ किया गया था,जिससे उसकी मौत हो जाये. अस्पताल के रिकॉर्ड के अनुसार उसे बेहोशी की अवस्था में अस्पताल लाया गया था. उसके पति के बताया था कि कविता के सीने में दर्द हो रहा था. गोरा बाजार पुलिस ने मर्ग कायम किया परंतु किसी प्रकार की जांच नहीं की. पीड़ित परिवार ने पुलिस अधीक्षक से मुलाकात कर प्रकरण में जांच अधिकारी नियुक्त करने की मांग की गयी. शादी के महज 99 दिन बाद संदिग्ध परिस्थितियों में नवविवाहिता की मौत की जांच नियम अनुसार राजपत्रित अधिकारी से कराई जानी चाहिए थी.

# फिर पकड़े गए दो मुन्ना भाई

- टीआरएस कॉलेज में दूसरे के स्थान पर दे रहे थे परीक्षा
- एक भाई की जगह तो दूसरा साले की जगह दे रहा था परीक्षा

**नवभारत न्यूज**

**रीवा, 27 जून, रीवा के टीआरएस कॉलेज में परीक्षा के दौरान दो फर्जी परीक्षार्थियों को पकड़ा गया है मुन्ना भाई एमबीबीएस की तर्ज पर दोनों फर्जी परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल हुए थे. इसमें से एक अपने जीजा की जगह तो दूसरा अपने चचेरे भाई की जगह परीक्षा दे रहा था.**

पकड़े गए आरोपियों को पुलिस के हवाले कर दिया गया है. नकली परीक्षार्थियों की पहचान सुखेंद्र पटेल निवासी हनुमना और पुष्पराज सिंह चौहान निवासी कमर्जी सीधी के रूप में की गई है.

इस पूरे मामले में महाविद्यालय प्राचार्य ने बताया कि भोज मुक्त विश्वविद्यालय भोपाल के द्वारा परीक्षा का आयोजन कराया गया था. भोज मुक्त विवि का अध्ययन केंद्र टीआरएस कॉलेज बनाया गया है यहां प्रथम पाली की परीक्षा में हो रही थी. स्नातक और स्नातकोत्तर परीक्षाओं के संचालन के दौरान जब वीक्षकों के द्वारा चेकिंग की जा रही थी इस समय एमसीए की परीक्षा में प्रवेश पत्र पर संदेह हुआ जब पूछताछ हुई तो पता चला कि सज्जन सिंह के जगह पुष्पराज सिंह निवासी कमर्जी सीधी अपने चचेरे भाई की जगह परीक्षा में शामिल हुआ है. परीक्षा के दौरान जब एक फर्जी परीक्षार्थी को पकड़ा गया तो गहन जांच शुरू हो गई इस दौरान बीए प्रथम वर्ष की परीक्षा में भी एक फर्जी छात्र दल के हाथ लग गया यहां सुखेंद्र पटेल नमक फर्जी परीक्षार्थी अपने जीजा रंजीत पटेल की जगह परीक्षा दे रहा था जो हनुमान का निवासी है.